राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'स्वतंत्रता–दिवस' के अवसर पर राजभवन में राष्ट्रीय झंडोत्तोलन किया

पटना, 15 अगस्त 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज राजभवन में '73वें स्वतंत्रता–दिवस' के सुअवसर पर आयोजित समारोह में 'राष्ट्रीय झंडोत्तोलन' किया एवं परेड की सलामी ली। परेड में बिहार पुलिस एवं बिहार सैन्य पुलिस के जवान शामिल थे ।

इस समारोह में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह सहित राज्यपाल सचिवालय के सभी पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे। महामहिम राज्यपाल ने स्कूली बच्चों में मिठाइयाँ बाँटीं तथा उपस्थित सभी लोगों को 'स्वतंत्रता दिवस' के सुअवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

राज्यपाल ने स्वतंत्रता–दिवस के सुअवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। राज्यपाल ने इस अवसर पर देश की आजादी के लिए अपना जीवन होम करने वाले सभी अमर शहीदों और महान स्वतंत्रता–सेनानियों के अनुपम त्याग, बलिदान तथा संघर्ष के प्रति अपना नमन निवेदित किया है।

राज्यपाल ने कहा है कि 'स्वतंत्रता दिवस' के सुअवसर पर सभी देशवासियों को राष्ट्रीय एकता, विकास, भाईचारा, सद्भावना और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए सदैव सजग, तत्पर और दृढ़संकल्पित रहना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि राज्यवासियों के सहयोग से बिहार विकास के पथ पर सतत् अग्रसर होगा तथा भारत की गरिमा भी बढ़ेगी।

....